

आईपीएस एकेडमी में स्टूडेंट्स को संबोधित करते आईजी वरुण कपूर।

नई टेक्नोलॉजी का उपयोग फायदे के लिए करें : कपूर

इंदौर | नई टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल फायदे के लिए करें, किसी को नुकसान पहुंचाने के लिए नहीं। इसके गलत इस्तेमाल से आपका ही नुकसान होगा। इंटरनेट पर मैसेज आते हैं कि आपकी लॉटरी लगी है। कई लोग जानकारी के अभाव में इसके लालच में आकर फंस जाते हैं। सोशल मीडिया पर भी अनजान लोग आपकी निजी जानकारी मांगकर उसका दुरुपयोग एमएमएस सहित अन्य तरीकों से करते हैं। इसलिए इंटरनेट का इस्तेमाल करते वक्त सतर्क रहें, यही साइबर सुरक्षा का मंत्र है।

यह बात पुलिस रेडियो ट्रेनिंग स्कूल (पीआरटीएस) के डायरेक्टर व आईजी वरुण कपूर ने कही। वे बुधवार को इंस्टिट्यूट ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट एंड रिसर्च आईपीएस एकेडमी में विद्यार्थियों और फैकल्टी मैंबर्स को साइबर क्राइम के प्रति जागरूक करने के लिए चलाए जा रहे 'संकल्प' अभियान के तहत जानकारी दे रहे थे। उन्होंने विद्यार्थियों को नशा न करने का संकल्प भी दिलाया। पुलिस अधीक्षक सुदीप गोयनका ने भी आईटी एक्ट की जानकारी दी। कार्यशाला में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अनुराग जैन और राकेश शर्मा को आईजी कपूर ने सम्मानित किया। इंस्टिट्यूट के डायरेक्टर वीएस कुशवाह ने आईजी को प्रमाण पत्र और स्मृति चिह्न दिए।